जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-29 | जयपुर, सोमवार, 18 जुलाई, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## शिविरों में दिए जाएं अधिक से अधिक पट्टे: मुख्यमंत्री



**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रशासन शहरों के संग अभियान के अन्तर्गत आम लोगों को आवासीय भूमि के पट्टे देने के कार्य को समय पर पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना पट्टे वाले घरों के नियमन में काफी रियायतें दी हैं, ताकि 15 जुलाई से शुरू हो रहे वार्डवार शिविरों में ज्यादा से ज्यादा पट्टे दिए जा सके। पहली बार इस अभियान में पट्टा जारी करने के लिए पूर्व की दरों से लगभग 85 प्रतिशत तक छूट दी गई है। निकायों के क्षेत्र में आ रही चारागाह व सिवायचक भूमि को निकायों को हस्तातंरित करने के निर्देश कलेक्टर्स को दे दिए गए हैं, ताकि उस पर बसी आबादी के पट्टे जारी हो सके। मुख्यमंत्री अपने आवास पर प्रशासन शहरों के संग अभियान की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। गहलोत ने कहा कि सभी निकाय अपने राजस्व रिकॉर्ड यथाशीघ्र दुरूस्त कर लें, ताकि पट्टा वितरण में किसी तरह की अड़चन ना आए।

## धूमधाम से मना गिरधर टीला गौ अभयारण्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव



**जयपुर (हमारा वतन)** श्री गिरधर गौ सेवा समिति आश्रम गौशाला के संस्थापक श्री श्री 108 महंत श्री गिरधारीदास जी महाराज पान वाले बाबा के सानिध्य में आमेर तहसील की पंचायत समिति जालसू की ग्राम पंचायत खोरा श्यामदास के ग्राम चिराडा स्थित श्री गिरधर टीला गौ अभयारण्य में तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया।

पान वाले बाबा ने बताया कि इस तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव में पहले दिन 48 घंटे की मयसम्पुट रामायण 9 ब्राह्मणों द्वारा शुरू की गई। दूसरे दिन गो सेवा और जल सेवा का महत्व प्रतिपादित किया गया। तीसरे दिन हरिहर के चरणों में व्यासपीठ की स्थापना की गई। इसके बाद रामायण पाठ पूर्णाहुति ,गुरु पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

**48 घंटे के रामायण पाठ का है विशेष महत्व**

पान वाले बाबा ने बताया कि 48 घंटे के रामायण पाठ में राम बीज मंत्र का सवा लाख बार जप किया जाता है। बिना बीज मंत्र के रामायण पाठ करवाना अधूरा है, क्योंकि पाठ से 10 गुना बीज मंत्र का जप होना जरूरी है। जप से दशांश आहुति और आहुति से दशांश भोजन आवश्यक है ,तभी इसका पूर्ण फल मिलता है।









## जयपुर कल्चरल सोसायटी का रिमझिम के तराने (अहसास-2) कार्यक्रम जवाहर कला केन्द्र में हुआ संपन्न

**जयपुर (हमारा वतन)** जयपुर के 44 गायक- गायिकाओं ने बरसात की फुहारों का युगल तरानों से संगीतमय स्वागत करते हुए जयपुर कल्चरल सोसायटी के संस्थापक स्व. डॉ. आनंद के गंगवार को श्रद्धा सुमन अर्पित किये, जिनका लगाया हुआ पौधा पिछले लगभग 40 सालों से संगीत और रंगमंच के क्षेत्र में लहलहा रहा है। कलाकारों ने जहाँ एक और मेघा रे मेघा रे पुकार कर रिम झिम के गीत सावन गाये से स्वागत किया, वहीं ये रात भीगी भीगी का आनंद लेते हुये वो कागज़ की कश्ती, वो बारिश का पानी से श्रोताओं को बचपन की यादों में पहुँचा दिया।

ये रातें ये मौसम और क्या मौसम आया है की खुशी के साथ हाय हाय ये मजबूरी का भी मधुर बयान किया।

जयपुर कल्चरल सोसायटी अध्यक्ष कंचन आनंद ने अपने निर्देशक साथियों सुधीर शर्मा, समीर सैन, मुकेश पारीक के साथ इस सुरमई संध्या को प्रस्तुत किया। जिसमें प्रख्यात गायिका भारती शर्मा ने अपने मंच संचालन से चार चाँद लगा दिये। कार्यक्रम के गणमान्य अतिथियों में वरिष्ठ नृत्य गुरू और अभिनेत्री उषा श्री, समाजसेवी ममता शर्मा, राजस्थान पब्लिक ट्रस्ट बोर्ड के सदस्य बसंत जैन, समाजसेवी व उद्यमी राधेश्याम गुप्ता, सुनील नाटाणी व घनश्याम मूलानी ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सभी कलाकारों का तालियों से उत्साह वर्धन भी किया गया। साथ ही दुपट्टा और मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया।

कार्यक्रम में सुरेखा मित्तल, शुभा शर्मा, कोंपल माथुर, स्वीटी मक्कड़, रेखा रावत, रजनी कोठारी, प्रीति पुरोहित, नेहा छीपा, सीमा मुंजाल, संध्या सक्सेना, मौसमी भारती, अंजू सुखीजा, उर्मिला न्याती, प्रियंका शर्मा, शिल्पी चौरसिया, ममता वर्मा, नीलू कावंट, पूनम जैन, सीमा शाह, वीनू मित्तल, वन्दना जैमिनी, एस डी माथुर, अतुल माथुर, हितेश राव, अम्बे माथुर, संजय चंदानी, प्रेम भारती, अजॉय कल्ला, आशीष कल्ला, सुनील शर्मा, विनीत उपाध्याय, राजीव पारीक, डॉ. लोकेश, रविंद्र शर्मा, कपिल पुरोहित, पुनीत गुप्ता, जे पी रामावत, सूर्या धूत, हेमंत गुप्ता, राजेंद्र गर्ग ने अपने गीतों की फुहारें बिखेरी।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री ने की बजट घोषणाओं की समीक्षा

**जयपुर (हमारा वतन)।** महिला एवं बाल विकास, बाल अधिकारिता तथा आयोजना मंत्री श्रीमती ममता भूपेश ने 21 एवं 22 जुलाई को जयपुर के ओटीएस में आयोजित होने वाले चिन्तन शिविर के लिए सचिवालय स्थित मंत्रालय भवन में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्रीमती भूपेश ने महिला एवं बाल विकास, बाल अधिकारिता तथा आयोजना विभाग से सम्बन्धित बजट घोषणाओं और जन घोषणा की क्रियान्विति की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## चौमूं दी बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के नतीजे घोषित



**चौमूं (हमारा वतन)** चौमूं दी बार एसोसिएशन के वार्षिक में चुनाव अधिकारी के अनुसार अध्यक्ष पद पर हेमाराम चौधरी 65 मतों से विजयी हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र बुनकर 40 मतों से, कोषाध्यक्ष पद पर ग्यारसी लाल जाट 147 मतों से,महासचिव पद पर महेंद्र सिंह शेखावत 63 मतों से, पुस्तकालय सचिव पद पर प्रवीण कुमार तंवर 10 मतों से, संयुक्त सचिव पद पर चिराग जैन 100 मतों से विजय हुए। चौमूं दी बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। मतदान के करीब 2 घंटे बाद ही चुनाव परिणाम घोषित कर दिया गया।





## मन्नत पूरी होने पर साईं बाबा मंदिर में पोशाक भेंट की

**जयपुर (हमारा वतन)** ईटावा भोपजी स्थित श्री शिर्डी साई बाबा मंदिर महंत और भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत के सानिध्य में श्रीमती मीना देवी सोनी खेजरोली ने अपने परिवार के साथ साई बाबा और शिव परिवार की पोशाक भेंट की।



मीना देवी सोनी ने अपनी मन्नत पूरी होने पर साई भक्त कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने पूरे परिवार को आशीर्वाद प्रदान किया और बाबा की तरफ से फूलों का हार भेंट किया।

इस दौरान पवन कुमार सोनी, मनोज कुमार, प्रकाश कुमार और रविंद्र कुमार और पोत्र गिर्राज सोनी भी मौजूद रहे।

# चौमूं का इतिहास

गतांक से आगे.....



**भाग 12**

मनोहर दास जी के उपरांत उनके छठे पुत्र करण सिंह उत्तराधिकारी बने। करण सिंह द्वारा चौमूं को बसाया गया । करण सिंह के पास संत बेणी दास जैसे वयोवृद्ध विद्वान ब्राह्मण थे। उनको मनोहर दास गौड नगर से सपरिवार लाए थे । करण सिंह ने उनसे कहा था कि मेरी इच्छा एक गांव बसाने की है, आप उसके लिए कोई अच्छी जमीन देखें। उन दिनों हाड़ौता से वर्तमान चौमूं के आगे बीहड़ जंगल था। उसके अंदर सामोद से पश्चिम के गांवों में जाने को दो प्रशस्त मार्गों के सिवा सर्वत्र पग डंडिया थी। बेनी दास नित्य कृत्य के लिए उस जंगल में आते और शौचादि से निपट कर वापस जाते थे । उन्होंने एक ऐसे भूभाग को देखा जो सरोवर या झील जैसा था और उसके बीच वृक्ष समूह समीप जाने पर देखे जा सकते थे। उसको देखकर बेणी दास ने विचार किया कि यदि इस जगह किला बनाया जाए या गांव बसाया जाए तो उस पर लड़ाई के निमित्त से अकस्मात आए हुए शत्रुओं के आक्रमण का सहसा असर नहीं होगा। क्योंकि प्रथम तो वह दूर से दिखाई नहीं देंगे और दूसरे दूर से फेंके हुए गोलों की चोट ठिकाने नहीं लगेगी। अतः विज्ञान के विचार से यह भूभाग अधिक अच्छा है । यह सोचकर उन्होंने करण सिंह के कर कमलों से संवत 1652 - 54 में चौमूंहागढ की नींव लगवाई और चौमूं बसाने की हरीथूनी गडवायी।



प्रिंस कुमार उप्पल (मुद्राशास्त्री) निदेशालय,पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग-जयपुर

शेष अगले अंक में

# प्रदेश के 6 प्रमुख केंद्रीय बस स्टैंडों के रिपेयर संबंधित डीपीआर 15 दिन में करें तैयार-शर्मा

**जयपुर (नि.सं.)।** मुख्य सचिव ने कहा कि परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की बजट घोषणा 2022-23 की 18 में से 12 घोषणाओं पर क्रियान्वित पूर्ण होना संतोषप्रद है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शेष बजट घोषणाओं की भी समयबद्ध क्रियान्वित सुनिश्चित की जाए।

मुख्य सचिव शासन सचिवालय में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की बजट घोषणा एवं जन घोषणा पत्र की प्रगति की समीक्षा के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहीं थीं। श्रीमती शर्मा ने राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम से संबंधित लंबित बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए प्रदेश के 6 केंद्रीय बस स्टैंड सिंधी कैंप- जयपुर, जोधपुर, झुंझुनूं, अजमेर, उदयपुर और भरतपुर के रिपेयर से संबंधित डीपीआर 15 दिनों में तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# माँ (कविता)




राजेन्द्र आचार्य राजन, भवानीमंडी

नो माह तक कोख में रखकर पुरुषार्थ की शक्ति है माँ।
शैशव का मनुज मे निर्माण का आधार है माँ

शोणित को दूध बना जन जन की शिराओं में बहता अमृत है माँ।
माँ वाणीं का स्पंदन है व शिशु के कृन्दन की ऊर्जा है माँ।

अबोध जीव को पुचकारने की थाह है माँ।
शब्दों के उच्चारण का ब्रह्म है माँ।

भावों व दृष्टि को प्रस्पुठित कर अभिव्यक्ति का विज्ञान है माँ।
सृष्टि में जीवन के धरती पर होने का प्रमाण है माँ ।

ब्रह्मांड में केवल जीवों के निर्माण का आधार है माँ।
संवेदनाओं का ज्ञान है व मातृत्व का आत्मबोध है माँ।

जीवन के संगीत का मधुर गान है माँ।
मृत्यु से युद्ध में विजय का संधान है माँ।
सृष्टि में परमात्मा को भी जन्मा होने का प्रमाण है माँ।

वात्सल्य,त्याग,सेवा,सहिष्णुता,विनम्रता, करुणा,दया,शौर्य का निर्माण है माँ।
जीवन का कई रूपों में निर्माण का प्रमाण है माँ ।
ब्रह्मांड के रचयिता द्वारा दिया सर्वश्रेष्ठ सुन्दर उपहार है माँ।
हमारे काव्य सृजन का आधार है माँ।
हर जीव कोअदबुद रूप में मिला परमशक्ति का साक्षात्कार है माँ।

# गाँव (कविता)



विनोद शर्मा वेणु
बिहार

गांव छोड़ कर शहर को भागे
सुबह सुबह घण्टी से जागे
ब्रेकफास्ट ठेले के आगे
दौड़ भाग कर दफ्तर जाते
बॉस हमारे डांट पिलाते
आफिस की फाइल निपटाते
बज गये बारह घड़ी के आगे
लंच आज भी हो नहीं पाया
देखो कैसी कुदरत की माया
दिन ढलने पर पहुंचे घर पर
टीवी ऑन की बैठे थक कर
खाना खाया कुछ सुस्ता कर
आखिर नींद नहीं आंखों में
गाँव मेरे मन में गहराया
पीपल के पेड़ों की छाया
आम जो मैने बाग में खाया
लौट के वो दिन आ नहीं पाया
शहर में आ कर फ्लैट बनाया
पैसा हमने बहुत कमाया
इस पैसे ने जकड़ी काया
धीरे धीरे गाँव भुलाया
गाँव को मैने छोड़ दिया पर
गाँव मुझे कभी छोड़ न पाया

# राजस्थान में स्वच्छ व शुचिता युक्त 'नई सोच नया राजस्थान' राजनीतिक अभियान की शुरुआत

**जयपुर (हमारा वतन)** जयपुर के होटल ग्रैंड सफारी में राजस्थान में स्वच्छ व शुचिता युक्त नई सोच नया-राजस्थान राजनीतिक अभियान की शुरुआत की गयी । जिसको लेकर सभी नवनियुक्त ज़िला प्रभारियों एवं कोर कमेटी के सदस्यों की सभा आयोजित की गयी । सभा की अध्यक्षता प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच की संस्थापक मधु शर्मा ने की ।मंच पर चितौड़गढ़ से आए प्रदेश अध्यक्ष सुरेश झँवर, राष्टीय अध्यक्ष डा.विनोद शुक्ला, एम्प्लॉयर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष एन. के . जैन , संयोजक राजेंद्र शर्मा, आल राजस्थान दुकानदार महासंघ के अध्यक्ष किशोर टाँक व संचालक मंडल के सदस्य बसंत जैन मौजूद रहे। मंच का संचालन करते हुए ईएआर के अध्यक्ष एन. के. जैन ने कहा की राजस्थान की राजनीति अब एक नयी करवट ले रही है और इसको स्वच्छ व भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए उद्योग, व्यापार व सामाजिक मंचों को एकजुट होकर नए प्रतिनिधियों को तैयार करना पड़ेगा और इसकी मज़बूत पहल आज हमने कर दी है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में मधु शर्मा ने कहा की हमें प. दीनदयाल उपाध्याय जी के चिंतन को राजनीति की पाठशाला के माध्यम से राजनैतिक क्षेत्र का प्रख्यात चेहरा बनाना है। दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच के राष्टीय अध्यक्ष डॉ. विनोद शुक्ला ने कहा कि हम प्रशिक्षण राष्टीय हित के विषयों पर प्रशिक्षणार्थियों को कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करेंगे । आंतरिक और बाहरी प्रदूषण को कैसे खत्म करें, यह भी प्रशिक्षण का विशेष मंत्र रहेगा । आल राजस्थान दुकानदार महासंघ के किशोर टाँक ने कहा की व्यापारिक ताक़तों को सिर्फ़ चंदा व टेक्स देने तक सीमित नहीं रहना है बल्कि अब राजनीति में भी होगा, दुकानदारों को अपनी वोट की ताक़त को इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से प्रदर्शित करने की आवश्यकता है। चितौड़गढ़ नगर परिषद के पूर्व चेयरमेन सुरेश झंवर ने अपने सम्बोधन में कहा की हमें इस प्रशिक्षण के माध्यम से नयी दिशा व नयी दशा का जनप्रतिनिधि तैयार करना है और इस पुनीत कार्य में हमारा ज़िला मंच का पूर्ण सहयोग करेगा ।नीरज चतुर्वेदी ने कहा की सभी ज़िलों व सम्भागों में कोर कमेटी के सदस्य जाएँगे और प्रत्येक विधान सभा से दो दो प्रत्याशी का चयन कर अपना 400 का टार्गेट पूर्ण करेंगे। महुवा- दौसा से आए दीनदयाल तांबी ने बताया की अब ये शिविर 6-7 अगस्त को आयोजित होगा और इसमें देश के प्रख्यात वक्ता, प्रवक्ता , राजनैतिक प्रशिक्षक, मोटिवेशनल स्पीकर व नेता गण आमंत्रित किए जा रहे हैं, ताकि प्रशिक्षण का स्तर उच्च कोटि का रहे और उसकी गरिमा बनी रहे। मनीष विजयवर्गीय ने कहा की ईश्वर की कृपा व इच्छा शक्ति हो तो सफलता निश्चित है। व्यापार संघ के यशपाल अरोड़ा, राजू हरीश साइकिल वाले,कंचन टाँक- जोधपुर,कमलेश सक्सेना- बूंदी, अंजु सैनी- श्री गंगानगर , मंजु सैनी- अलवर,महेश चौहान - अजमेर, एड.निधि खण्डेलवाल, पूनम कुमावत- फुलेरा, ललिता वीरवाल- राजसमंद, श्याम डाड- भीलवाड़ा, प्रदीप काबरा- चितौड़, लादूराम पितलिया - सहाड़ा ,ललित साँचोरा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रत्याशियों ने शिविर के लिए रजिस्ट्रेशन भी करवाया, अंत में नरेश गोयल व सुरेश केदावत ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया ।



# कविता (बताओ न)



सिद्धार्थ
गोरखपुरी

न द्वापर में हुए न कलयुग में हुए
बताओं न? राधा के तुम किस युग में हुए
विरह की वेदना देकर
चले गए मुँह मोड़कर
भला कोई ऐसे भी जाता है?
बीच रास्ते में छोड़कर
ये हादसे तो आखिर तुम्हारी सुधबुध में हुए
बताओं न? राधा के तुम किस युग में हुए
जान से बढ़कर राधा ने
बस तुमको चाहा था
उसने जो प्रीत किया
वो ताउम्र निबाहा था
तो क्यों नहीं राधा के तुम जद में हुए
बताओं न? राधा के तुम किस युग में हुए
राधा की पैरवी सबने की है
आखिर में फैसला तुम्हारा है
गलतियां सुधर जातीं हैं अक्सर
कोई किसी का हो जाता दुबारा है
आखिर ऐसे फैसले किस जद्दोजहद में हुए
बताओं न? राधा के तुम किस युग में हुए




# एसडीएम सीमा खेतान ने किया पोस्टर का विमोचन

**चौमूं (हमारा वतन)** विराज फाउंडेशन के तत्वाधान में दिनांक 17 जुलाई 2022, रविवार को रॉयल पैलेस गार्डन, रेलवे स्टेशन रोड, चौमूँ पर आयोजित होने वाले सामूहिक पार्थिव महारुद्राभिषेक व महाआरती के पोस्टर का विमोचन एसडीएम सीमा खेतान ने किया ।

इस दौरान उन्होंने कहा कि विराज फाउंडेशन सामाजिक सरोकार एवं धार्मिक आयोजन करता रहा है ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहने चाहिए इन कार्यक्रमों से लोगों में धर्म के प्रति आस्था एवं परस्पर सद्भावना बनी रहती है। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी, प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, जिलाध्यक्ष (व्यापार प्रकोष्ठ) नारायण लाल शर्मा, महामंत्री (व्यापार प्रकोष्ठ) रामलाल सेरावत आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मोरीजा में कचरा प्लांट मामले को लेकर अनिश्चितकालीन शांति धरना प्रदर्शन शुरू



**जयपुर (हमारा वतन)** ग्राम पंचायत मोरीजा बस स्टैंड स्थित सामुदायिक भवन में ग्रामीणों व कचरा हटाओ मोरीजा बचाओ संघर्ष समिति के सदस्यों द्वारा समिति अध्यक्ष मंगलचंद सैनी के सानिध्य में अनिश्चितकालीन शांति धरना प्रदर्शन की शुरुआत की गई । धरने में सभी ग्रामीणों ने संकल्प लिया की जब तक जेडीए द्वारा चौमूं नगरपालिका को कचरा प्लांट के ललिए दिए गए पट्टे को निरस्त नहीं किया जाता तब तक अनिश्चितकालीन धरना चालू रहेगा। धरने में अनुपम आत्रेय, उप सरपंच सुदर्शन शर्मा, कमलेश संत,कानाराम सैनी आदि ग्रामीण मौजूद रहे ।

# कत्थक कला केंद्र में उषा श्री के सान्निध्य में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**जयपुर (हमारा वतन)** सोडाला स्थित कत्थक कला केंद्र में वरिष्ठ अभिनेत्री और कत्थक गुरु उषा श्री के सान्निध्य में गुरु पूर्णिमा का महोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया । उषा श्री ने कहा कि गुरु को समर्पित करने के उपरांत ही शिष्य ज्ञान प्राप्ति के काबिल बनता है । समर्पण भाव से किया गया कोई भी कार्य जरूर पूर्ण होता है । इस दौरान शिष्यों ने तिलक लगकर, माला पहनाकर गुरु उषा श्री का भरपूर आशीर्वाद लिया ।




# जॉब्स

1. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (SSC) दिल्ली पुलिस, पद हेड कांस्टेबल AWO/TPO, पद संख्या 857, अंतिम तिथि 29 जुलाई 2022
2. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (SSC) दिल्ली पुलिस, पद कांस्टेबल ड्राइवर, पद संख्या 1411, अंतिम तिथि 29 जुलाई 2022
3. राजस्थान पब्लिक सर्विस कमिशन (RPSC), पद सीनियर फिजिकल एजुकेशन टीचर, पद संख्या 461, अंतिम तिथि 13 अगस्त 2022
4. राजस्थान पब्लिक सर्विस कमिशन (RPSC), पद प्रोटेक्शन ऑफिसर, पद संख्या 4, अंतिम तिथि 9 अगस्त 2022
5. आइटीबीपी, पद सब इंस्पेक्टर ओवरसीर, पद संख्या 37, अंतिम तिथि 14 अगस्त 2022
6. इंडियन आर्मी, पद अग्निवीर, पद संख्या घोषित नहीं, अंतिम तिथि 3 अगस्त 2022
7. इंडियन नेवी, पद अग्निवीर एसएसआर/एमआर, पद संख्या घोषित नहीं, अंतिम तिथि 22 जुलाई 2022
8. आईबीपीएस, पद सीआरपी क्लर्क, पद संख्या 6035, अंतिम तिथि 21 जुलाई 2022




# प्रेग्नेंट हैं विकी कौशल की पत्नी कटरीना कैफ! शेयर करेंगी बेबी बंप संग तस्वीरें?



बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ की प्रेग्नेंसी की खबरें एक बार फिर से तेज हो गई हैं। सोशल मीडिया पर फैंस लगातार पोस्ट और कॉमेंट कर रहे हैं कि कटरीना कैफ प्रेग्नेंट हैं और जल्द ही इस बारे में खुद अनाउंसमेंट करेंगी। लेकिन आखिर फिर एक बार शुरू हुए कयासों के इस सिलसिले की वजह क्या है? तो आपको बता दें कि कटरीना कैफ पिछले काफी वक्त से सोशल मीडिया से गायब हैं और पैप्स को भी उनकी कोई झलक नहीं मिली है।

**क्यों लाइमलाइट से दूर हो गई हैं कटरीना कैफ?**

देखा जाए तो ऐसा पहली बार हुआ है जब सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाली कटरीना कैफ कहीं भी नजर नहीं आ रही हैं। तो क्या फैंस का कयास सही है? इस बारे में फिलहाल कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। बेहतर होगा कि कटरीना कैफ के खुद ही इस बारे में अनाउंसमेंट करने का इंतजार किया जाए।

**आलिया भट्ट के बाद अब कटरीना भी हैं प्रेग्नेंट?**

इसी साल शादी के बंधन में बंधीं आलिया भट्ट ने पिछले दिनों ही अपनी प्रेग्नेंसी का अनाउंसमेंट किया है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की शादी के सिर्फ 3 महीने बाद ही उनकी प्रेग्नेंसी की खबर सामने आ गई थी और अब कहा जा रहा है कि कटरीना कैफ भी जल्द ही सोशल मीडिया पर आकर फैंस को गुड न्यूज देंगी।

**लाइव चैट में फैंस ने खुलकर पूछा था ये सवाल**-कटरीना कैफ के पब्लिक अपीयरेंस की बात करें तो वह पिछली बार करण जौहर के 50वें बर्थडे की आलीशान पार्टी में नजर आई थीं। तभी से कटरीना कैफ पूरी तरह नदारद हैं। हाल ही में कटरीना कैफ से जुड़ी एक सोशल मीडिया लाइव चैट में ज्यादातर फैंस कटरीना के लाइमलाइट से दूर होने की वजह पूछते नजर आए थे लेकिन कोई ठोस जवाब कटरीना की टीम की तरफ से अभी तक नहीं आया है।

# ऐश्वर्या राय से कम नहीं हैं साउथ की *Iswarya Menon*, दिलकश तस्वीरें देख आप भी कहेंगे-उफ्फ!



साउथ एक्ट्रेस ऐश्वर्या मेनन अक्सर अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए चर्चा में बनी रहती हैं। कभी दिलकश फोटो तो कभी बोल्ड वीडियो से फैंस को अट्रैक्ट करती हैं। आइए आपको साउथ की मशहूर एक्ट्रेस ऐश्वर्या मेनन से रूबरू करवाते हैं। वैसे तो साउथ इंडस्ट्री में ऐसी बहुत सारी एक्ट्रेस हैं जो अपने ग्लैमरस अंदाज के चलते छाई रहती हैं। इसमें सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस की बात करें तो ऐश्वर्या मेनन का नाम भी शुमार है। तमिल, तेलुगू और कन्नड़ फिल्मों में ऐश्वर्या मेनन ने कई फिल्में की हैं और वह अपने प्रोजेक्ट्स के ज्यादा अपनी बोल्ड अदाओं के चलते छाई रहती हैं। साउथ की ऐसी अदाकारा से जिनकी तस्वीरें आए दिन सोशल मीडिया की हैडलाइन में छाई रहती हैं। देखिए ऐश्वर्या मेनन की दिलकश तस्वीरें।

**कौन हैं ऐश्वर्या मेनन**- Iswarya Menon का परिवार केरल का रहने वाला है लेकिन वह तमिलनाडु में पली पढ़ीं। उन्होंने SRM इंस्टीट्यूट से इंजीनियरं की है। यही वजह है कि कुछ लोग ऐश्वर्या मेनन को ब्यूटी विद ब्रेन भी कहते हैं।

**ऐश्वर्या मेनन का डेब्यू**-ऐश्वर्या मेनन ने तमिल सिनेमा से एक्टिंग डेब्यू किया था। उन्होंने तमिल फिल्म Kadhalil Sodhappuvadhu Yeppadi में शिवानी श्रीराम किरदार से कदम रखा और फिर वह तेलुगू के अलावा कन्नड़ की भी कई फिल्मों में नजर आईं।

**ऐश्वर्या मेनन की फिल्में**-ऐश्वर्या मेनन ने डेब्यू के बाद लव फेलियर, एप्पल पैनी, दासावाला, नामो बूत्मा, मूनसून मैंगोज, वीरा, नान सृथिल, स्पाई जैसी फिल्मों में नजर आईं।

**ऐश्वर्या मेनन ने बताई ये बातें**-ऐश्वर्या मेनन बताती हैं कि उनकी फेवरेट हॉबी घूमना और डांस करना है। जब भी उन्हें मौका मिलता है तो वह अपनी फेवरेट जगहों पर घूमना पसंद करती हैं। साथ ही वह एक्टिंग के अलावा डांस में भी निपुण हैं।

**सोशल मीडिया पर फैन फॉलोइंग**-ऐश्वर्या मेनन की लोकप्रियता का अंदाजा आप उनके सोशल मीडिया पर मौजूद 2.8 मिलियन फॉलोअर्स से लगा सकते हैं।

# भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह की बोल्ड अंदाज में बड़े पर्दे पर वापसी, जानिए क्या होगी फिल्म की कहानी?



भोजपुरी फिल्मों की सुपरस्टार एक्ट्रेस अक्षरा सिंह फिर एक बार बड़े पर्दे पर वापसी करने को तैयार हैं। अक्षरा सिंह पिछले काफी वक्त से सिल्वर स्क्रीन से नदारद थीं और फैंस टकटकी लगाए उनकी वापसी का इंतजार कर रहे थे। अब काफी वक्त तक म्यूजिक वीडियोज करने के बाद अक्षरा फिर एक बार निर्देशक रजनीश मिश्रा की फिल्म से वापसी करने जा रही हैं।बाबा मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही फिल्म डार्लिंग में भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह बोल्ड अंदाज में नजर आएंगी। अक्षरा सिंह के साथ राहुल शर्मा इस फिल्म में लीड रोल प्ले करेंगे। फिल्म की शूटिंग इस वक्त उत्तर प्रदेश के अयोध्या में चल रही है। बता दें कि अयोध्या रजनीश मिश्रा की फेवरिट लोकेशन्स में रही है। इससे पहले भी वह इस खूबसूरत लोकेशन पर शूट कर चुके हैं।फिल्म डार्लिंग के निर्देशक रजनीश मिश्रा ने बताया कि बीच में कोरोना की वजह से इंडस्ट्री बंद हो गयी और फिर कुछ फिल्मों के सिलसिले में वह लंदन चले गए थे।

# अधूरी वेट लॉस यात्रा और डाइट प्लान इन तरीकों से करते हैं आपकी सेहत को प्रभावित

बिजी रुटीन के साथ डाइट प्लान फॉलो करना अब एक चुनौती बन गया है। लेकिन क्या आप जानती है कि अपनी डाइट और वेट लॉस प्लान को बीच में छोड़ने पर आपके शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता है? हेल्दी और फिट बॉडी मेंटेन करना सबसे ज्यादा जरूरी है। पर बिजी रुटीन के चलते हम हेल्दी ईटिंग और एक्सरसाइज पर ध्यान ही नही दे पाते। इसलिए बिना सोचे समझे किसी भी डाइट प्लान को फॉलो करना शुरू कर देते हैं। और अमूमन अवास्तविक होने के कारण हम इन्हें बीच में ही छोड़ देते हैं। पर क्या आप जानती हैं कि आपकी सेहत और फिटनेस पर इस अधूरी यात्रा का क्या असर पड़ता है? आइए आज यही समझने की कोशिश करते हैं। दरअसल डाइट प्लानको बीच में छोड़ने पर बॉडी पहले वाली स्टेज पर आने के साथ कई समस्याओं में भी घिर सकती है। इस बात को गहनता से जानने के लिए हेल्थ शॉट्स ने बात की न्यूट्रीफाई बाय पूनम डाइट एंड वैलनेस क्लिनिक एंड अकेडमी की डायरेक्टर डॉक्टर पूनम दुनेजा से, जिन्होंने हमे बताया कि अपने डाइट और वेट लॉस प्लान को बीच में छोड़ने पर हमारे शरीर में क्या-क्या प्रभाव पड़ सकते हैं।



**वसा प्रतिशत बढ़ना**-अगर आप अपना डाइट प्लान बीच में छोड़ देती है, और फिर से जंक खाना शुरू कर देती हैं। तो आपके शरीर में कैलोरी की मात्रा पहले से ज्यादा बढ़ने लगती है। इससे आपके शरीर में वसा प्रतिशत बढ़ सकता है।

**शुगर क्रेविंग में वृद्धि**-अपना डाइट प्लान बीच में छोड़ने पर आपकी शुगर क्रेविंग बढ़ने का जोखिम भी बढ़ जाता है। जिससे आप शुगर की अत्यधिक मात्रा का सेवन करने लगेंगी। इससे आपकी स्किन समय से पहले मेच्योर लगने लगती है।

**ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है**-प्रोसेस्ड कार्ब्स के अधिक सेवन से रक्त में सोडियम का स्तर बढ़ सकता है, जिससे ब्लड प्रेशर के बढ़ने की संभावना होती है।

**वाटर रिटेंशन बढ़ेगा**-अपने डाइट प्लान को बीच में छोड़ने से आपकी बॉडी में वॉटर रिटेंशन बढ़ने लगता है। जिससे आपका चेहरा और पूरा शरीर फूलने लगता है।

**मूड में नकारात्मक बदलाव**-डाइट प्लान छोड़ने पर आपका इंसुलिन रेजिस्टेंस बढ़ने लगता है साथ ही हार्मोनल असंतुलन की समस्या होने लगाती है, और आपके ब्लड शुगर में उतार-चढ़ाव आने से मुड़ स्विंग होने लगता है।

**सूजन बढ़ने लगेगी**-डाइट प्लान बीच में छोड़ने पर शरीर में सूजन बढ़ सकती है। जिससे जोड़ों में दर्द, एलर्जी और पेट फूलना, एसिडिटी और कब्ज जैसी पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।इन सारी समस्याओं से बचने के लिए जरूरी है कि किसी भी वेट लॉस प्लान को बनाते और उसे फॉलो करते समय कुछ बातों का ध्यान रखा जाए।

# थायरॉइड के साथ वेट लॉस करना है तो इन बातों का जरूर रखें ध्यान

थॉयराइड होने पर सबसे ज्यादा मुश्किल होता है बढ़ते वजन को कंट्रोल करना। पर इसे कंट्रोल करने में एक्सरसाइज के साथ कुछ पोषक तत्वों की भी जरूरत होती है।थायरॉइड की समस्या किसी भी उम्र के व्यक्ति को अपने चपेट में ले सकती है। इसमें अन्य लक्षणों के साथ आपको बढ़ते वजन की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है। जो कई अन्य स्वास्थ्य जोखिमों का कारण बनता है। थायरॉइड से ग्रस्त मरीज जानते हैं कि उनके लिए वजन कंट्रोल कर पाना कितना मुश्किल होता है! अगर आप भी इन थायरॉइड के कारण वेट लॉस नहीं कर पा रहीं हैं, तो यहां कुछ जरूरी पोषक तत्वों के बारे में बताया जा रहा है, जो वजन कंट्रोल करने में आपकी मदद कर सकते हैं।हाइपोथायरायडिज्म में बार-बार भूख लगने की समस्या देखने को मिलती है, जो वजन बढ़ने का एक महत्वपूर्ण कारण है। पर इसे कंट्रोल करने के लिए सिर्फ एक्सरसाइज ही नहीं, अपने आहार पर भी ध्यान देना होता है। चलिए जानते हैं ऐसे कुछ महत्वपूर्ण पोषक तत्वों के नाम, जिन्हें हाइपोथायरायडिज्म के मरीजों को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

**थायराइड और हार्मोनल परिवर्तन**-एक संतुलित और अच्छी डाइट हार्मोनल फंक्शन को अच्छे से रेगुलेट करने में मदद करती है। यह थायराइड को नियंत्रित रखने में मदद करती है। परंतु इस बात का ध्यान रहे कि केवल डाइट बदलने से थायराइड नियंत्रित नहीं होता, बल्कि इसके साथ नियमित एक्सरसाइज और मेडिटेशन जैसी शारीरिक गतिविधियों में भाग लेना भी जरूरी है। थायरॉइड डाइट आपके शरीर की कैलोरी बर्न करने की क्षमता, न्यूट्रिएंट्स, मेटाबोलाइजिंग और फूड सेंसिटिविटी पर निर्भर करती है।




## विराट के सपोर्ट में आए बाबर आजम

# कोहली के साथ तस्वीर शेयर कर लिखा- ये दौर भी गुजर जाएगा, हौसला बनाए रखें

**कराची।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने आउट ऑफ फॉर्म चल रहे विराट कोहली का मनोबल बढ़ाया है। उन्होंने एक सोशल पोस्ट में कोहली को टैग किया। 




लिखा- ये समय भी गुजर जाएगा, हौसला रखें।बाबर की यह पोस्ट खूब पसंद की जा रही है। फैंस पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम की तारीफ भी कर रहे हैं।रन मशीन कहे जाने वाले विराट कोहली कुछ समय से रनों के लिए जूझ रहे हैं। 2019 के बाद से उनके बल्ले से शतक नहीं आया है। क्रिकेट पंडित उनकी आलोचना भी कर रहे हैं। उनकी आलोचना करने वालों में कपिल देव, वेंकटेश प्रसाद शामिल हैं। क्रिकेट को मिलियन से बिलियन में पहुंचाने वाला मोदी: विजय माल्या की बेटी को पर्सनल असिस्टेंट रखा, प्राइवेट जेट का इस्तेमाल टैक्सी की तरह किया

**टी-20 में फ्लॉप, वेस्टइंडीज दौरे पर रेस्ट दिया गया**-टीम इंडिया इस समय इंग्लैंड दौरे पर है। इस दौरान कोहली टी20 सीरीज में फेल हुए। 2 टी-20 मुकाबलों में उन्होंने कुल 12 रन बनाए थे। इससे पहले 5वें एजबेस्टन टेस्ट में कोहली ने 11 और 20 रन बनाए थे। जब ग्रोइन इंजरी के बाद उन्होंने अपने पसंदीदा फॉर्मेट वनडे क्रिकेट में वापसी की, तो उन्हें निराशा हाथ लगी। इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए दूसरे वनडे में कोहली महज 16 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 25 गेंदों का सामना किया और 39 मिनट क्रीज पर बिताए। वे पहले वनडे में इंजरी के कारण नहीं खेल सके थे। इसके बाद वेस्टइंडीज दौरे पर टी-20 सीरीज के लिए जब टीम इंडिया का ऐलान हुआ तो उसमें कोहली को रेस्ट दे दिया गया।

**पिछले तीन साल से फ्लॉप हैं कोहली**-विराट कोहली पिछले तीन साल से आउट ऑफ फॉर्म चल रहे हैं। उन्होंने आखिरी शतक 22 नवंबर 2019 को कोलकाता में बांग्लादेश के खिलाफ जमाया था। इंटरनेशनल क्रिकेट की पिछली 12 पारियों में एक अर्धशतक ही लगा सके हैं। विराट कोहली आराम लेने में भी चैंपियन:पिछले 7 साल में 73 इंटरनेशनल मैच नहीं खेले, कोहली रेस्ट लेते हैं तो भारत 17% ज्यादा जीतता है यहां बता दें कि हमेशा से पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम की तुलना विराट कोहली से होती रही है। बाबर इस समय गजब के फॉर्म में हैं।

वे टी-20 और वनडे रैंकिंग के टॉप पर हैं और टेस्ट में नंबर-4 पर हैं। वे 2020 के बाद तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। पाक कप्तान ने पिछले दो साल में 3508 रन बनाए हैं।

# रोनाल्डो को ऑफर हुई 2400 करोड़ रुपए की डील

## साइन करते ही फुटबॉल इतिहास में सबसे ज्यादा सैलरी लेने वाले फुटबॉलर बन जाएंगे

**रियाद ।** पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो को सऊदी अरब के एक क्लब ने 300 मिलियन यूरो (करीब 2400 करोड़ रुपए) की डील ऑफर की है।रिपोर्ट्स के अनुसार, डील साइन करते ही रोनाल्डो फुटबॉल इतिहास में सबसे ज्यादा सैलरी लेने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। हालांकि, उन्हें किस क्लब ने इतनी बड़ी डील ऑफर की है, इसका खुलासा नहीं हो सका है। उन्होंने कुछ दिनों पहले ही इंग्लिश क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़ने की इच्छा जताई थी।करिअर के अंतिम दौर में चल रहे रोनाल्डो ने चैंपियंस लीग खेलने की इच्छा जताई, जो उन्हें मैनचेस्टर यूनाइटेड में सफल होती नजर नहीं आ रही है। वे पारिवारिक कारणों के चलते थाइलैंड में टीम के साथ प्री-सीजन ट्रेनिंग का हिस्सा भी नहीं हैं। हालांकि, क्लब के कोच एरिक टेन हैग ने साफ कर दिया है कि वे रोनाल्डो से बात करेंगे। क्लब रोनाल्डो को अभी नहीं छोड़ेगा। वे इस सीजन में टीम की स्ट्रेटजी का हिस्सा हैं।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# अब इलेक्ट्रिक हाईवे

भारत में विगत एक दशक से सड़क परिवहन में गजब क्रांति देखने को मिल रही है। इस कड़ी में अब इलेक्ट्रिक हाईवे की योजना भी जुड़ गई है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सरकार दिल्ली और मुंबई के बीच एक इलेक्ट्रिक हाईवे बनाने की योजना बना रही है। इस हाईवे पर वाहनों को सीधे बिजली उपलब्ध हो सकेगी। इलेक्ट्रिक वाहन को चार्ज करने के लिए कहीं रुकना नहीं पड़ेगा। इस विशेष राजमार्ग पर ट्रॉली बस की तरह आप ट्रॉली ट्रक भी चला सकते हैं। ट्रॉली बस एक इलेक्ट्रिक बस है, जो ऊपर से गुजरते तारों से बिजली खींचती है। दरअसल, इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ सबसे बड़ी समस्या चार्जिंग की है। कुछ निश्चित अंतराल पर वाहनों को रोकना ही पड़ता है, जिसके कारण धन के साथ समय भी खर्च होता है। अतः पेट्रोल और डीजल वाहनों की जिनको आदत पड़ी हुई है, उन्हें बड़ी सुविधा है। वे मनचाही जगह पर ईंधन भराते हैं और यात्रा लगातार जारी रखते हैं। इलेक्ट्रिक हाईवे भी इसीलिए बनाया जाएगा, ताकि वाहनों की गति में कहीं बाधा न आए। यह व्यवस्था एक तरह से बिजली से चलने वाले रेलवे इंजन की तरह होगी। हालांकि, इस हाईवे पर विशेष किस्म के इलेक्ट्रिक वाहनों की जरूरत पड़ेगी, जो लगातार बिजली से दौड़ते रहेंगे। वर्तमान इलेक्ट्रिक वाहनों में भी इस हाईवे के अनुरूप बदलाव करने पड़ेंगे। अभी जो स्थिति है, उसमें जगह-जगह इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग की सुविधा दी जा रही है। दिल्ली-जयपुर और यमुना एक्सप्रेस-वे को इलेक्ट्रिक वाहनों के अनुकूल बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं और इसमें एक हद तक कामयाबी मिल भी रही है। फिर भी ई-चार्जिंग स्टेशन अभी पर्याप्त नहीं हैं। इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों को अभी रुकना या इंतजार करना पड़ता है। वैसे, अभी नितिन गडकरी ने योजना को पूरी तरह स्पष्ट नहीं किया है, पर उन्होंने जो सूचना दी है, उसका स्वागत होना चाहिए। देश में अगर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सुविधा बढ़ेगी, तो हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा, जिससे प्रदूषण भी कम होगा। हालांकि, उत्साह के बावजूद इलेक्ट्रिक वाहनों को अभी लंबा सफर तय करना है। उनको लेकर शिकायतें भी आ रही हैं, और उनकी कमजोरियां भी उजागर हो रही हैं। देश को तो इंतजार है कि इलेक्ट्रिक वाहनों से जुड़ी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो।


राम गोपाल सैनी

# बाबा रामदेवजी मंदिर मालेरा धाम में हुआ गुरु पूर्णिमा का भव्य आयोजन



**जयपुर (हमारा वतन)** चौमूं चंदवाजी रोड स्थित सर्व सिद्धेश्वर श्री बाबा रामदेवजी मंदिर मालेरा धाम के गादीपति महंत रामफूलदास जी महाराज के सान्निध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया ।

सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा । महंत रामफूलदास जी महाराज ने बताया कि प्रातः 9:30 बजे से सत्संग का कार्यक्रम शुरू हुआ जो शाम तक चलता रहा ।

दोपहर में गुरु पूजन किया गया और नए शिष्यों को नाम दान दिया गया । देश के कोने-कोने से आए भक्तगणों ने गुरु के चरणों में शीश झुका कर आशीर्वाद लिया । अंत में भंडारे का आयोजन किया गया । सीकर से आए श्रद्धालु दीपेन्द्र गुर्जर ने बताया कि 6 महीने पहले मेरी हालत बहुत खराब थी । मैं दुर्व्यसनों में पड गया था , जब महंत रामफूलदास जी महाराज के संपर्क में आया तो मेरा जीवन बदल गया । मेरे घर में अब सुख और शांति का वास है । इस दौरान नीमका थाना से सुनील मीणा,जयपुर से महेंद्र राजपूत,जालसू से हीरालाल कुमावत,घटवाडा डाबला से कालूराम, मानपुरा से मुरारी लाल शर्मा, झुंझुनूं से गजानंद गुर्जर, बबई से जीतेन्द्र गुइर्जर, विनोद देवी, बसंती देवी, अमीषा, रतन प्रिया, गीतिका और विश्वजीत मौजूद रहे ।

# कविता (पिता)


डॉ. योगिता जोशी
अनुप्रिया,जयपुर

मेरी हर उम्मीद
हर विश्वास है पिता
एक सुंदर अहसास है पिता।
हर घड़ी पास है पिता
परिवार की हिम्मत
रोटी कपड़ा और
मकान है पिता
मेरा स्वाभिमान है पिता
माँ धरती तो
मुकम्मल आसमां है पिता
माँ की चूड़ी बिंदी
और सुहाग है पिता
तपती धूप में
शीतल छांव है पिता
हरा भरा गाँव है पिता
जीवन गुलजार है अपना
जब तक है पिता
कंधों पर दुनिया
घुमा देते हैं पिता
है भरोसा दुनिया
जीतने का
जब तक है पिता
इस दुनिया में
सबसे बढ़कर है पिता।
जो जीवन गढ़ते हैं
उनके सहारे ही हम
आगे बढ़ते है।
क्या कर
पिता का होना अपने आप में
एक घटना है।
पिता जीते जी हमारा साथ देते हैं
और चले जाने के बाद
उनकी स्मृतियां हमारे साथ होती हैं।




# पौधा भेंट कर किया वृक्षारोपण का आह्वान

**उत्तराखंड (हमारा वतन)** पर्यावरण मित्र शिक्षक अशोक पाल उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के स्टडी सेंटर, देहरादून के प्रभारी सुनील नेगी को पौधा भेंट कर वृक्षारोपण का आह्वान किया ।




शिक्षक अशोक पाल ने कहा कि वृक्षों से ही धरती पर जीवन संभव है । उत्तराखंड की पहचान पहाड़ और जंगलों से ही है । राज्य में हरेला पर्व मनाया जा रहा । हरेला पर्व मुख्यतः पहाड़ का ही त्यौहार है, जिस पर सभी को वृक्ष लगाने का संकल्प लेना चाहिए । खासकर युवा पीढ़ी को वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता दिखानी चाहिए । प्रभारी सुनील नेगी ने कहा कि पर्यावरण मित्र अशोक पाल वृक्षारोपण के प्रति अच्छी मुहिम चला रहे हैं, जो सराहनीय है । नेगी ने बताया कि शिक्षक अशोक पाल यूनिवर्सिटी में एनएसएस छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करेंगे । इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री सतीश नेगी, शोधकर्ता कृषि विभाग ओमप्रकाश लखेड़ा, स्वयंसेवी अनुराग सिंह, समाजसेवी मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे ।

# सावन के स्वागत में बेटी फाउंडेशन क्लब ने कराया मॉडल्स का फोटो शूट

**जयपुर (हमारा वतन)** बेटी फाउंडेशन क्लब की ओर से डी बोट हाउस में सावन की शुरुआत फोटोशूट से की गई । इस फोटो शूट के लिए राजस्थान कल्चर को प्रमोट करने वाली ड्रेसेस बॉलीवुड फैशन डिजाइनर संजय शर्मा वेडिंग बेल्स ने की , जबकि फोटोग्राफी जीएसएस फिल्म्स के डायरेक्टर सुहान खान ने की । बेटी फाउंडेशन क्लब के डायरेक्टर राज शर्मा ने बताया की अगस्त में राजस्थान कल्चरल फैशन शो आयोजन किया जाएगा । इस मौके पर पंजाबी सिंगर साहिब सिंह कोली मौजूद रहे । मॉडल्स में मिसेज इंडिया दि क्राउन की विनर सोनिया सिंधु ,फर्स्ट रनर अप शालू मेहरा, रितु शर्मा, तृप्ति विजय, रश्मि शर्मा मौजूद रही ।






# भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य गुरु पूर्णिमा पर पी गए माता -पिता का चरणामृत

**जयपुर (हमारा वतन)** इस कलयुग में भी सतयुग जैसे वाकये अब भी घटित हो जाते हैं । भारतीय संस्कृति और माता - पिता के प्रति सम्मान अभी भी कायम है ।

जी हाँ हम बात कर रहे हैं तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य की जिन्होंने गुरु पूर्णिमा पर अपने माता- पिता के चरण धोए और चरणामृत को बिना किसी झिझक के पी गए । पंडित रविंद्र आचार्य ने बताया कि बालक की प्रथम गुरु मां होती है । माता पिता ही प्राथमिक ज्ञान देते हैं । सबसे पहले माता-पिता, फिर गुरु और फिर भगवान होता है ।



इस दौरान पंडित रविंद्र आचार्य ने अपने माता-पिता के तिलक किया, माला पहनाई ,शाल ओढ़ाई, श्रीफल भेंट किया । इसके बाद चरणों में बैठकर आशीर्वाद लिया ।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा